406

**निगम मुख्यालय/क्षेत्रीय/जिला कार्यालयों/उत्पादन इकाईयों में सुरक्षा व्यवस्था हेतु आमंत्रित निविदा मे आयोजित प्री–बिड मीटिंग पर समिति की बैठक दिनांक 22.12.2023 का कार्यवाही विवरण।**

निगम मुख्यालय/क्षेत्रीय/जिला कार्यालयों/उत्पादन इकाईयों में सुरक्षा व्यवस्था हेतु www.mptenders.gov.in पर निविदा प्रपत्र अपलोड कराते हुए दिनांक 12.12.2023 को दैनिक सामाचार पत्र पत्रिका में निवदि सूचना प्रकाशित कर दिनांक 01.01.2024 तक निविदा आमंत्रित की गई है। आमंत्रित की गई निविदा मे दिनांक 22.12.2023 को महा प्रबंधक लेखा के कक्ष मे प्री–बिड मीटिंग आयोजित की गई, जिसमे निम्नानुसार अधिकारी उपस्थित रहे :–

1. श्री एस.के. विधान , महा प्रबंधक (लेखा)
2. श्री मनोज जैन, प्रबंधक (पो.आ./विधि)
3. श्री राजेश अम्बवानी कार्यपालन यंत्री (प्रशासन)
4. डॉ, राहुल बंसोड़ (वरिष्ठ सहायक माईकोबायोलाजिस्ट)

प्री–बिड मीटिंग मे निम्नानुसार सुरक्षा ऐजन्सीयो द्वारा भाग लिया गया :–

1. मेसर्स इंदौरिया सिक्योरिटी फोर्स भोपाल
2. मेसर्स सोनलिंक सिक्योरिटी सिस्टम सर्विसेज प्रा.लिमि.
3. तुलसीयान सिक्योरिटी सर्विस प्रा.लिमि. इंदौर
4. मेसर्स विकास सिक्योरिटी सर्विसेज प्रा.लिमि.
5. मेसर्स स्टेण्डर्ड सिक्योरिटी प्रा.लिमि.
6. मेसार्स फर्सट मेनेजमेंट सर्विसेज प्रा.लिमि. भोपाल
7. मेसर्स संभव सिक्योरिटी सर्विसेज प्रा.लिमि.

समिति द्वारा बैठक मे उपस्थित इच्छुक निविदाकारों से चर्चा की गई चर्चा मे उनको निगम की निविदा के संबंध मे किसी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी की आवश्यकता हो अथवा किसी बिंदु को रखना चाहे तो बैठक मे अवगत कराया जाए। सुरक्षा एजेंसीयो द्वारा बैठक मे मध्य प्रदेश शासन वित्त विभाग द्वारा जारी नीति–निर्देश कमांक F11-1/2023 नियम/चार भोपाल दिनांक 31 मार्च, 2023 प्रस्तुत कर इसके पालन किए जाने के संबंध मे निविदा मे स्थिति स्पष्ट करने तथा समान न्यूनतम दर प्राप्त होने पर कार्य के आवंटन किए जाने के संबंध मे भी स्थिति स्पष्ट करने हेतु अनुरोध किया गया।

समिति द्वारा बैठक के दौरान समान न्यूनतम दर प्राप्त होने पर निविदा के बिंदु कमांक 10.7 के अनुसार कार्यवाही करने के संबंध में अवगत कराया गया।

मध्य प्रदेश शासन वित्त विभाग द्वारा जारी पत्र आउटसोर्स एजेंसी से चतुर्थ श्रेणी के कार्मिको से संबंधित है। निगम द्वारा जो निविदा जारी की गई है वह प्राईवेट सुरक्षा एजेंसीयो के माध्यम से सुरक्षा कर्मियो के लिए है। निविदा मे सुरक्षा एंजेंसीयो से प्रत्येक सुरक्षा कर्मी प्रति माह के सर्विस चार्ज की दर आमंत्रित की गई है, अतः समिति द्वारा निविदा मे सुरक्षा एजेंसी का चयन न्यूनतम दर के आधार पर करने की अनुशंसा की जाती है।

(हस्ताक्षर) 22/12/23
एस.के. विधान,
महा प्रबंधक (लेखा)

(हस्ताक्षर)
मनोज जैन,
प्रबंधक(पो.आ./विधि)

(हस्ताक्षर)
राजेश अम्बवानी, 22/12/2023
कार्यपालन यंत्री(प्रशासन)

(हस्ताक्षर)
डॉ राहुल बंसोड़,
वरिष्ठ सहायक माईकोबायोलाजिस्ट